# बिहार के 21 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय पदक

## चर्चा में क्यों?

14 अगस्त, 2023 को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश भर के पुलिसकर्मियों को दिये जाने वाले पुरस्कारों की घोषणा की, जिनमें बिहार पुलिस के दो वरीय अधिकारियों सहित 21 पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- 21 पुलिस कर्मियों में दो पुलिस पदाधिकारियों को वीरता के लिये पुलिस पदक, दो पुलिस पदाधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा 17 पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिये पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।
- इनमें विशिष्ट सेवा के लिये पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण प्रीता वर्मा एवं पुलिस महानिदेशक (बीएसएपी) अमरेंद्र कुमार अंबेडकर शामिल हैं।
- वहीं जिन दो पुलिस पदाधिकारियों को नक्सलियों को मार गिराने पर वीरता के लिये (गैलेंट्री) अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा, उनमें पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार (वर्तमान में मधुबनी के पुलिस अधीक्षक) और लखीसराय में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार शामिल हैं।
- सराहनीय सेवा (मेरिटोरियस) के लिये पुलिस पदक पाने वाले 17 पुलिस कर्मियों में मधेपुरा के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, कटिहार के रेल पुलिस अधीक्षक संजय भारती, सोनपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अंजनी कुमार, छपरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार, पटना के अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, समस्तीपुर सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय, एसटीएफ, पटना के पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र कुमार मेधावी, सीआईडी के सब इंस्पेक्टर बिन्नूरजक, पटना के एसएसपी कार्यालय में पुलिस अवर निरीक्षक गुलाम मुस्तफा, सीआईडी के पुलिस अवर निरीक्षक मो. इस्तखार खान, बक्सर स्थित डुमरांव के हवलदार अंगद सिंह यादव, सीआईडी के सहायक अवर निरीक्षक राहुल कुमार, सीआईडी, मद्य निषेध इकाई के सहायक अवर निरीक्षक इंद्र कमल झा, एसटीएफ, पटना के हवलदार विजय कुमार सिंह, नालंदा ज़िला बल के सिपाही अमरेंद्र कुमार मिश्रा, सीआईडी, पटना के सिपाही राहुल कुमार एवं मुंगेर ज़िला बल के सिपाही शंभु कुमार शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-medal-to-21-policemen-of-bihar